नाम Mantu Paswan अनुक्रमांक 3515

# वार्षिक परीक्षा, 2024

## सामान्य हिन्दी

B/20,000

## कक्षा—11

समय : 3 घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 100

निर्देश—(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों—'क' एवं 'ख' में विभाजित है, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

### खण्ड-'क'

1. निम्नलिखित प्रश्नों के विकल्पों में से सही-विकल्प का चयन कीजिए—

(क) 'पागल पथिक' किस विधा की रचना है? 1
(i) कहानी (ii) गद्यगीत (iii) नाटक (iv) संस्मरण

(ख) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' द्वारा सम्पादित पत्रिका है— 1
(i) आनन्द कादम्बिनी (ii) दिनमान
(iii) सरस्वती (iv) ब्राह्मण

(ग) 'विषस्य विषमौषधम्' की गद्य-विधा है— 1
(i) कहानी (ii) नाटक (iii) उपन्यास (iv) निबन्ध

(घ) निम्न में से 'डायरी विधा' के लेखक हैं— 1
(i) सरदार पूर्ण सिंह (ii) सदल मिश्र
(iii) शमशेर बहादुरसिंह (iv) राहुल सांकृत्यायन

(ङ) इन्दुमती कहानी के लेखक हैं— 1
(i) प्रेमचंद (ii) महादेवी वर्मा
(iii) किशोरीलाल गोस्वामी (iv) अज्ञेय

2. निम्नलिखित प्रश्नों के विकल्पों में से सही-विकल्प का चयन कीजिए—

(क) ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रतिनिधि प्रमुख कवि हैं— 1
(i) तुलसीदास (ii) सूरदास (iii) नन्ददास (iv) कबीरदास

(ख) कौन-सी रचना आदिकाल की नहीं है? 1
(i) सन्देश रासक (ii) पृथ्वीराज रासो
(iii) बीसलदेवरासो (iv) अखरावट/पद्मावत

(ग) 'कामायनी' व 'झरना' किस युग की रचनाएँ हैं? 1
(i) भारतेन्दु युग (ii) द्विवेदी युग (iii) छायावादी युग (iv) प्रगतिवादी युग

(घ) रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचना नहीं है— 1
(i) रश्मिरथी (ii) चक्रवाल
(iii) परशुराम की प्रतीक्षा (iv) सुनहरे शैवाल

(ङ) 'मैथिलीशरण गुप्त' द्वारा रचित कृति है— 1
(i) प्रदक्षिणा (ii) दानलीला (iii) रस-कलश (iv) अतिमा

3. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजए—$2 \times 5 = 10$

जब तक आत्मसाक्षात्कार न होगा, तब तक अपूर्णता की अनुभूति बनी रहेगी और आनन्द की खोज जारी रहेगी। इस खोज में सफलता, आनन्द की प्राप्ति, अपने परम ज्ञानमय स्वरूप में स्थिति यही मनुष्य का पुरुषार्थ, उसके जीवन का चरम लक्ष्य है और उसको इस पुरुषार्थ—साधन के योग्य बनाना ही शिक्षा का उद्देश्य है।

P.T.O.

PDF Hindustanknowledge.com

